श्रीमान् सम्मानित सदस्य राजस्व मण्डल ग्वालियर, सर्किट कोर्ट–रीवा (म0प्र0)

निगरानी 2277-II-15 विविध

प्रदीप सोहगौरा तनय स्व. गंगा प्रसाद सोहगौरा, निवासी– ढेकहा, तहसील–हुजूर, जिला–रीवा (म0प्र0)

———आवेदक

बनाम्

रेवामल ठारवानी तनय माधवदास सिंधी, निवासी– फोर्ट रोड रीवा,

———अनावेदक

आवेदन–पत्र बावत् न्यायालय श्रीमान् आयुक्त महोदय, संभाग रीवा के समक्ष लंबित प्रकरण क्र. 27ए/11–12 नामी नरेशचन्द्र ब्यास बनाम् शासन के अभिलेख तलब कर जांच किए जाने बावत्

अंतर्गत धारा 8 म0प्र0 भू–राजस्व संहिता।

मान्यवर,

1. विषयान्तर्गत निवेदन है कि संदर्भित प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा पारित आदेशानुसार गुणदोष पर निर्णय पारित करने बावत् न्यायालय श्रीमान् आयुक्त महोदय संभाग रीवा के न्यायालय में लंबित है।

2. यह कि उपरोक्त प्रकरण में आवेदक प्रदीप सोहगौरा एवं अशोक मिश्र द्वारा आदेश 1 नियम 10 जा0दी0 का आवेदन–पत्र पेश कर स्वयं की हितबद्धता जाहिर करते हुए पक्षकार बनाया जाकर सुनवाई का मौका प्रदान करने हेतु प्रस्तुत किया है, किन्तु आवेदन पेश करने के लगभग 1 माह पश्चात भी अधीनस्थ न्यायालय ने उक्त आवेदन पर कोई आदेश पारित नहीं किया है और न ही प्रकरण में कोई तारीख पेशी ही नियत की गयी है।

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर

अनुवृत्ति आदेश पृष्ठ–अ

28

मामला क्र. विविध.2277–दो/15 जिला–रीवा

(1)	(2)	(3)
26.10.16	आवेदक के अधिवक्ता श्री कीर्ति कुमार द्विवेदी उपस्थित होकर उनके द्वारा मौके पर निवेदन किया है कि वह प्रकरण को आगे नही चलाना चाहते है। आवेदक अधिवक्ता का अनुरोध स्वीकार किया जाता है तथा प्रकरण न चलाने के कारण इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है। सदस्य	